**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली**

**भटनागर फैलोशिप**
**नामांकन हेतु आवेदन आमंत्रित**

12-अगस्त-2025

सीएसआईआर द्वारा प्रदान की जाने वाली भटनागर फेलोशिप के लिए नामांकन आमंत्रित हैं। इस फेलोशिप का उद्देश्य नवीन प्रौद्योगिकी विकास हेतु उत्कृष्ट वैज्ञानिकों की विशेषज्ञता का लाभ उठाना है, जिससे राष्ट्र की प्रौद्योगिकीय प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि होगी।

1. **पात्रता**

यह फ़ेलोशिप विशेष रूपसे पिछले 10 वर्षों के दौरान प्रमुख भारतीय वैज्ञानिकों/प्रौद्योगिकीविदों को प्रकाशनों, पेटेंटों, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, सम्मानों, पुरस्कारों आदि के माध्यम से प्रमाणित उनके निरंतर प्रभावशाली वैज्ञानिक और/अथवा प्रौद्योगिकीय योगदान के लिए प्रदान की जाएगी। भारत के प्रवासी नागरिक (ओसीआई) और भारत में कार्यरत भारतीय मूल के व्यक्ति (पीआईओ) भी इसके पात्र हैं। पुरस्कार विजेता से यह अपेक्षा की जाती है कि वह सीएसआईआर के किसी मिशन अथवा थ्रस्ट एरिया प्रोग्राम अथवा सीएसआईआर के हित के क्षेत्र से सम्बद्ध हो।

**2. कार्यस्थल**

यह फेलोशिप भारत में मान्य है और इसे किसी भी मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान, पंजीकृत सोसायटी, डीएसआईआर से मान्यता प्राप्त अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं वाले उद्योग और अन्य अनुसंधान एवं विकास संस्थानों/प्रयोगशालाओं में क्रियान्वित किया जा सकता है।

मेजबान संस्थान को आवश्यक प्रशासनिक और अवसंरचनात्मक सहायता प्रदान करनी होगी। फेलो अपने वर्तमान कार्यस्थल पर अथवा महानिदेशक, सीएसआईआर द्वारा अनुमोदित किसी भी सीएसआईआर संस्थान/प्रयोगशाला में कार्य जारी रख सकते हैं।

**3. सहयोग की प्रकृति**

(i) सेवारत पुरस्कार विजेताओं को कोई फेलोशिप प्रदान नहीं की जाएगी।
(ii) सेवानिवृत्त पुरस्कार विजेताओं के लिए फेलोशिप की राशि पेंशन (यदि कोई हो) को समायोजित करने के बाद प्राप्त अंतिम वेतन के बराबर होगी तथा इस विषय पर समय-समय पर जारी सामान्य सरकारी नियमों और अनुदेशों के अधीन होगी ।

Source URL: https://csirhrdg.res.in/

(iii) सेवानिवृत्त पुरस्कार विजेताओं, जो पुरानी पेंशन योजना के अतिरिक्त किसी अन्य योजना जैसे एनपीएस, यूपीएस या सीपीएफ के अंतर्गत आते हैं, के लिए फेलोशिप की राशि भारत सरकार द्वारा जारी नियमों, विनियमों और दिशा-निर्देशों के अनुसार होगी, जैसा कि समय समय पर सक्षम प्राधिकारी सीएसआईआर द्वारा अनुमोदित किया जाता है।

**4. <u>नामांकन और चयन प्रक्रिया</u>**

उत्कृष्ट वैज्ञानिकों/प्रौद्योगिकीविदों के नाम निम्नांकित द्वारा प्रस्तावित किए जा सकते हैं:
(i) अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग), कृषि, चिकित्सा आदि सहित किसी भी राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी के वर्तमान एवं पूर्वअध्यक्ष, (ii) भारतीय विश्वविद्यालयों के कुलपति, (iii) सीएसआईआर प्रयोगशालाओं और अनुसंधान एवं विकास संस्थानों जैसे आईआईएससी, आईआईएसईआर, आईआईटी, एम्स, एनआईटी आदि के निदेशक, (iv) भारत सरकार के विज्ञान विभागों के सचिव, (v) प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठनों जैसे डीआरडीओ, इसरो, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईएमडी आदि के महानिदेशक, (vi) परमाणु ऊर्जा आयोग, यूजीसी आदि के अध्यक्ष, (vii) औद्योगिक संघों जैसे कंफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) आदि के अध्यक्ष/प्रधान और (viii) पूर्व भटनागर फैलोशिप प्राप्तकर्ता। **स्व-नामांकन/आवेदन स्वीकार्य नहीं हैं**।

निर्धारित प्रपत्र में नामांकन के साथ नामांकित व्यक्ति के (क) पिछले अनुसंधान योगदान ( पिछले 10 वर्षों के दौरान) और (ख) सीएसआईआर के किसी मिशन अथवा थ्रस्ट एरिया कार्यक्रम अथवा सीएसआईआर के हित के क्षेत्र में फेलोशिप अवधि के दौरान अपेक्षित उपलब्धियों और आउटपुट/परिणामों के साथ कार्य की विस्तृत भावी योजना (वैज्ञानिक और/अथवा प्रौद्योगिकीय) संलग्न होनी चाहिए।

नामांकन प्रपत्र, परियोजना अनुदान के लिए प्रोफार्मा और योजना दिशा निर्देश वेबसाइट : https://csirhrdg.res.in/ से डाउनलोड किए जा सकते है ।

पूर्ण नामांकन फॉर्म की **एक** हार्डकॉपी जिसके लिफाफे के ऊपर "भटनागर फेलोशिप-2025 के लिए आवेदन/नामांकन" लिखा हो और ई-मेल के माध्यम से सॉफ्टकॉपी (एकल पीडीएफ फाइल में) **विज्ञापन की तारीख से 45 दिनों के भीतर अर्थात 26 सितंबर 2025 तक** नीचे दिए गए पते पर भेजी जाए:

**प्रमुख, मानव संसाधन विकास समूह**
सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स ,लाइब्रेरी एवेन्यू
पूसा, नई दिल्ली - 110012
वेबसाइट: www.csirhrdg.res.in
दूरभाष :011-25848632 ,25846777
ईमेल: head.hrdg@csir.res.in ; ssb.hrdg@csir.res.in

Source URL: https://csirhrdg.res.in/